भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 584
गुरुवार, 06 फरवरी, 2025/ 17 माघ, 1946 (शक)को दिया जाने वाला उत्तर

रायगढ़ में नया विमानपत्तन

584. श्री राधेश्याम राठियाः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने उड़ान योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के रायगढ़ लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में एक नए विमानपत्तन का प्रस्ताव किया है/करने पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख)**:** क्षेत्रीय संपर्क योजना - उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) एक बाजार-संचालित योजना है, जिसमें अधिक गंतव्यों और मार्गों को कवर करने के लिए समय-समय पर बोली प्रक्रिया के दौर आयोजित किए जाते हैं। विशेष मार्गों पर मांग के अपने आकलन के आधार पर, इच्छुक एयरलाइनें उड़ान योजना के तहत बोली प्रक्रिया के समय हवाईअड्डों को जोड़ने के लिए अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करती हैं। योजना के तहत बोली प्रक्रिया के पहले दौर में, रायगढ़ हवाईअड्डे को बोली प्रक्रिया के लिए आरसीएस दस्तावेज़ में सूचीबद्ध किया गया था।

हवाईअड्डा प्रचालक जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसएंडपीएल) ने न तो हवाईअड्डे के विकास के लिए सहमति दी और न ही एसएओ को योजना के प्रावधानों के अनुसार अपेक्षित रियायतें प्रदान कीं। इसके परिणामस्वरूप, रायगढ़ हवाईअड्डे को भविष्य की बोली प्रक्रिया के दौर के लिए उड़ान योजना के दस्तावेज़ में असेवित हवाईअड्डों की सूची से हटा दिया गया।

******